Chapter – 10

मल्टीमीडिया में ऑब्जेक्ट लिंकिंग और एंबेडिंग अवधारणा (Object Linking and Embedding Concept in Multimedia)

ऑब्जेक्ट लिंकिंग एंड एंबेडिंग अनुप्रयोगों के बीच सूचना का आदान प्रदान करने की प्रक्रिया है| ऑब्जेक्ट लिंकिंग एंबेडिंग का प्रयोग कर आप एक एप्लीकेशन से सिलेक्ट किए गए ऑब्जेक्ट या फाइलें ले सकते हैं जिसे सोर्स एप्लीकेशन कहा जाता है और उन्हें दूसरे एप्लीकेशन में रख सकते हैं जिसे डेस्टिनेशन एप्लीकेशन कहते हैं|

जब तक कि सारे शामिल एप्लीकेशन OLE को सपोर्ट करते हैं आप एप्लीकेशन्स के बीच ऑब्जेक्ट्स और फाइलें स्वतंत्र रूप से मूव कर सकते हैं| word pad, Coral Draw इत्यादि आपको OLE ऑब्जेक्ट्स को निर्मित और एडिट करने के साथ-साथ अन्य एप्लीकेशन्स में उत्पन्न अन्य ऑब्जेक्ट्स और फाइलों को सपोर्ट करने की अनुमति देते हैं

बड़े आकार की फाइल में परिणामों को लिंक करना तब तक उपयोगी होता है जब तक आप ऑब्जेक्ट या फाइल को अनेक फाइलों में प्रयोग करना चाहते हैं| ऑब्जेक्ट या फाइल के प्रत्येक इंस्टनस को परिवर्तित करने के लिए आपको सोर्स एप्लीकेशन में सिर्फ ऑब्जेक्ट को परिवर्तित करने की जरूरत होती है| लिंकिंग तब तक उपयोगी होती है जब डेस्टिनेशन एप्लीकेशन सोर्स एप्लीकेशन में रचित फाइलों को सपोर्ट ना करता हो, एंबेडिंग तब उपयोगी साबित होती है जब आप एक ही फाइल में तमाम ऑब्जेक्ट्स को शामिल करना चाहते हैं

लिंक किए गए या एंबेडेड ऑब्जेक्ट्स को इंसर्ट करना

Coral Draw आपको अन्य अनुप्रयोगों में लिंक्ड या एंबेडेड ऑब्जेक्ट्स के रूप में कोरल ड्रॉ फाइलों को प्रविष्ट कराने की अनुमति प्रदान करती हैं आप कोरल ड्रॉ में लिंक्ड या एंबेडेड ऑब्जेक्ट्स प्रविष्ट भी कर सकते हैं एक लिंक्ड ऑब्जेक्ट अपनी सोर्स फाइल से जुड़ा हुआ रहता है जबकि एंबेडेड ऑब्जेक्ट अपनी सोर्स फाइल से जुड़ा हुआ नहीं रहता किंतु सक्रिय दस्तावेज में एकीकृत होता है

लिंक ऑब्जेक्ट को प्रविष्ट करने के लिए निम्न चरणों का पालन करें

- कोरल ड्रॉ में एक ऑब्जेक्ट को सिलेक्ट करें यह सुनिश्चित करें कि पहले फाइल को सेव कर लिया गया है
- इसके बाद Edit Menu में से Copy विकल्प पर क्लिक करें
- इसके बाद डेस्टिनेशन एप्लीकेशन में Edit Menu में स्थित Paste Special पर क्लिक करें
- अब Paste link ऑप्शन को एक्टिव करें
- किसी अन्य एप्लीकेशन से एक लिंक्ड ऑब्जेक्ट को एक्टिव ड्राइंग में इंसर्ट करने के लिए Edit Menu में स्थित Insert New object पर क्लिक करें Insert New object डायलॉग बॉक्स में Create from file ऑप्शन पर क्लिक करें जिस फाइल को आप इंसर्ट करना चाहते हैं उसे ब्राउज़ करें और लिंक चेक बॉक्स पर क्लिक करें|

एंबेडेड ऑब्जेक्ट को इंसर्ट करने के लिए निम्न चरणों का पालन करें

- डेस्टिनेशन एप्लीकेशन में Edit Menu में स्थित Insert New object को क्लिक करें
- Create new file ऑप्शन पर क्लिक करें
- इसके बाद Browse ऑप्शन पर क्लिक करें
- आप Create new ऑप्शन को क्लिक कर तथा उस एप्लीकेशन को चुनकर जिसमें object type लिस्ट बॉक्स से आप ऑब्जेक्ट बनाना चाहते हैं एक एंबेडेड ऑब्जेक्ट बना सकते हैं|
- आप सोर्स एप्लीकेशन में एक ऑब्जेक्ट को सेलेक्ट कर तथा इसे सोर्स एप्लीकेशन के विंडो में ड्रैग करके एक एंबेडेड ऑब्जेक्ट को इंसर्ट कर सकते हैं|

लिंक्ड व एंबेडेड ऑब्जेक्ट्स को एडिट करना

आप एक लिंक्ड या एंबेडेड ऑब्जेक्ट को एडिट कर सकते हैं| लिंक्ड ऑब्जेक्ट को इसकी सोर्स फाइल की एडिटिंग के द्वारा एडिट किया जाता है सोर्स फाइल में किए गए कोई भी परिवर्तन स्वत: ही लिंक्ड ऑब्जेक्ट पर क्रियान्वित हो जाते हैं| आप एक लिंक्ड ऑब्जेक्ट को परिवर्तित भी कर सकते हैं उदाहरण आप एक लिंक्ड ऑब्जेक्ट को अपडेट कर सकते हैं| एक लिंक्ड ऑब्जेक्ट की सोर्स फाइल को किसी अन्य फाइल द्वारा बदल सकते हैं या एक लिंक्ड फाइल बा इसकी सोर्स फाइल के बीच लिंक को हटा भी सकते हैं

किसी लिंक्ड या एंबेडेड ऑब्जेक्ट को एडिट करने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन करें

- सोर्स एप्लीकेशन को प्रारंभ करने के लिए लिंक्ड या एंबेडेड ऑब्जेक्ट पर डबल क्लिक करें
- सोर्स एप्लीकेशन में ऑब्जेक्ट को एडिट करें
- सोर्स एप्लीकेशन में परिवर्तनों को सेव करें
- सोर्स एप्लीकेशन को बंद करें
- इन परिवर्तनों की समीक्षा करने के लिए पुनः सक्रिय एप्लीकेशन विंडो पर वापस आए
- किसी लिंक्ड ऑब्जेक्ट में परिवर्तन करने के लिए निम्न चरणों का पालन करें
- पिक टूल का प्रयोग करके लिंक्ड ऑब्जेक्ट को सेलेक्ट करें
- इसके बाद एडिट मेनू में स्थित है लिंक्स पर क्लिक करें
- निम्नलिखित में से किसी एक बटन को सिलेक्ट करें
    - Update now
      सोर्स फाइल में किए गए परिवर्तनों को दर्शाने के लिए लिंक्ड ऑब्जेक्ट को अपडेट करता है
    - Open source
      सोर्स एप्लीकेशन में ऑब्जेक्ट को खुलता है
    - Change source
      लिंक को किसी अन्य फाइल पर भेजता है
    - Break link
      लिंक को डिस्कनेक्ट करता है ताकि ऑब्जेक्ट फाइल में एंबेड हो जाए